भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या – 3342
(जिसका उत्तर मंगलवार, 23 दिसम्बर, 2014 को दिया गया)

ऑनलाइन व्यापारिक कंपनियों के विरूद्ध शिकायतें

3342. श्री ए. विलियम रबि बर्नार्ड :

क्या **कारपोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उचित व्यापार नियामक भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) को फ्लिपकार्ट की भारी छूट वाली बिक्री समेत कथित अनुचित व्यापार व्यवहार के लिए घरेलू विशालकाय कंपनी फ्लिपकार्ट समेत ऑनलाइन खुदरा कंपनियों के विरूद्ध शिकायतें प्राप्त हुई हैं;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) क्या यह सच है कि व्यापारी निकाय अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (सी.ए.आई.टी.) ने ऑनलाइन व्यापार की निगरानी और विनियमन हेतु कदम उठाए जाने की मांग की थी क्योंकि यह ऑनलाइन व्यापार अभियान परंपरागत खुदरा बाजार के व्यापारियों को बुरी तरह प्रभावित करता है?

उत्तर

कारपोरेट कार्य मंत्री **(श्री अरुण जेटली)**

(क) और (ख) : ऑनलाइन खुदरा व्यापारियों जैसे फ्लिपकार्ट इंडिया प्रा. लि., जेसपर इनफोटेक प्रा.लि., जेरियन रिटेल्स प्रा. लि., अमेजोन सैलर सर्विसेज प्रा.लि. और वेक्टर ई-कॉमर्स प्रा.लि. आदि के कथित प्रतिस्पर्धा विरोधी आचरण की सूचना भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग को प्राप्त हुई है। यह सूचना आयोग के विचाराधीन है।

(ग) : अखिल भारतीय व्यापारी संघ का एक अभ्यावेदन वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय में प्राप्त हुआ है जिसमें ऑनलाइन रिटेलर्स द्वारा अपहरक

मूल्य निति और अन्य मुद्दों यथा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, कराधान आदि जैसे अनुचित व्यापार व्यवहारों का आरोप लगाया गया था।

*****